दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधि–05 मिनट

केन्द्र सरकार ने सभी दलों से कल से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की है। बजट सत्र को लेकर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान सरकार ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास अठावले, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई समेत विपक्ष के कई नेता शामिल हुए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन तेईस जुलाई मंगलवार को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आम बजट लोकसभा में पेश करेंगी।

————————————————————————

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र छब्बीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों की पांच–पांच बैठक होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल की ओर से स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति को सदन के पटल पर रखने के साथ ही दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट सरकार पेश करेगी। सत्र के दौरान विधि व्यवस्था के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनायी गयी है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि सचिवालय, विधानसभा और विधान परिषद क्षेत्र में बिना प्रवेश पत्र के किसी व्यक्ति या वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

————————————————————————

गुरु पूर्णिमा का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं को समर्पित है। इस अवसर पर लोग अपने उन गुरुओं को याद करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और आर्शीवाद ने उनके जीवन को दिशा दी है। भगवान बुद्ध ने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ की यात्रा की थी और पूर्णिमा के दिन यहां अपना पहला प्रवचन दिया था। आज के दिन भगवान बुद्ध के अनुयायी विशेष पूजा–अर्चना करते हैं। इधर,

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पटना सहित प्रदेश भर में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लोगों को बधाई देते हुए कहा है कि ये दिन शिक्षकों और आध्यात्मिक गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है।

———————————————————————

सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम और मुजफ्फरपुर जिले में स्थित गरीबनाथ में श्रद्धालु पहला जलाभिषेक करना शुरू करेंगे। मेला उन्नीस अगस्त तक चलेगा। वहीं, बाबा गरीबनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पहलेजा घाट पर श्रद्धालुओं और कांवरियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि भारत पहली बार समिति की अध्यक्षता कर रहा है और वे आज शाम के कार्यक्रम के प्रति उत्सुक है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के कारण हल्की वर्षा हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे अधिक ग्यारह दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा भागलपुर के कहलगांव में दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि कल तक अधिकतर भागों में मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद मॉनसून की फिर से सक्रिय होने की परिस्थितियां बन रही हैं। विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई है।

———————————————————————

रेलवे ने समस्तीपुर स्टेशन पर दरभंगा नई दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के एक बोगी में धमाके की खबर का खंडन किया है। समस्तीपुर मंडल के रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने आकाशवाणी से बातचीत में स्पष्ट किया कि इस ट्रेन के सामान्य श्रेणी के डब्बे में एक यात्री अग्निरोधक यंत्र पर बैठ गया, जिसके कारण यंत्र का ड्राई केमिकल डब्बे में फैल गया। उन्होंने कहा कि धमाके की खबर बेबुनियाद है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।